प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

1 अप्रैल 2025

# भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने 90वें वर्ष पूर्ण होने का स्मरणोत्सव मनाया

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने आज अपना 90वां वार्षिकोत्सव मनाया। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा आज एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि थीं। महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सी.पी. राधाकृष्णन, महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री श्री देवेन्द्र फडणवीस, माननीय केंद्रीय संचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और श्री अजित पवार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने अपने स्वागत भाषण में इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए भारत की माननीय राष्ट्रपति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने वित्तीय प्रणाली में सुधार लाने तथा भारत की आर्थिक प्रगति में सक्रियतापूर्वक और उत्साहपूर्ण तरीके से योगदान देने के लिए रिज़र्व बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

केंद्रीय संचार मंत्री ने अपने संबोधन में पिछले कई दशकों से वित्तीय क्षेत्र में आघात-सहनीयता सुनिश्चित करने और आर्थिक संवृद्धि को बढ़ावा देने में भारतीय रिज़र्व बैंक के योगदान के बारे में बताया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि विनियमन और नवाचार के बीच संतुलन बनाने में भारतीय रिज़र्व बैंक का सहयोगात्मक दृष्टिकोण न केवल ग्लोबल साउथ के लिए बल्कि विशेषकर डिजिटल भुगतान जैसे क्षेत्रों में विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए भी आशा की किरण था।

माननीय राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में भारत की यात्रा तथा आर्थिक और वित्तीय स्तर पर इसके बदलाव में भारतीय रिज़र्व बैंक की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय रिज़र्व बैंक ने पिछले नौ दशकों में मूल्य स्थिरता, संवृद्धि और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता से लोगों का विश्वास अर्जित किया है। संस्था निर्माण, वित्तीय समावेशन, उपभोक्ता संरक्षण, डिजिटल भुगतान, वित्तीय जागरूकता और धारणीय वित्त के क्षेत्रों में भारतीय रिज़र्व बैंक की कतिपय महत्वपूर्ण पहल को रेखांकित करते हुए, माननीय राष्ट्रपति ने यह विश्वास भी व्यक्त किया कि भारतीय रिज़र्व बैंक भारत को भविष्य में समृद्ध और वैश्विक स्तर नेतृत्व करने वाला देश बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

इस महत्वपूर्ण अवसर पर माननीय राष्ट्रपति द्वारा एक स्मारक डाक टिकट जारी किया गया।

इस कार्यक्रम में सरकार, वित्तीय क्षेत्र की विनियामक संस्थाओं, उद्योग, शैक्षणिक समुदाय के प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों, भारतीय रिज़र्व बैंक के केन्द्रीय बोर्ड के निदेशकगण, बैंकों और अन्य वित्तीय संस्थाओं के प्रमुख तथा भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व और वर्तमान वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/8**